JNVST PREP™

# जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा : 2018


(स्मृति पर आधारित)

## अनुभाग-I : मानसिक योग्यता परीक्षा

### खण्ड-I


**निर्देश :** *प्रश्न संख्या 1 से 5 तक के प्रत्येक प्रश्न में चार आकृतियाँ (1), (2), (3) तथा (4) दी गई हैं। इन चार आकृतियों में तीन आकृतियाँ कुछ हद तक सदृश हैं तथा एक अलग। अलग आकृति को चुनकर संलग्न उत्तर-पत्रिका में हर प्रश्न के आगे दिये गये बॉक्स में अंग्रेजी संख्या (जैसे (1), (2), (3) या (4)) में उत्तर लिखें।*

1.




(1) (2) (3) (4)

2.




(1) (2) (3) (4)

3.




(1) (2) (3) (4)

4.



(1) (2) (3) (4)

5.




(1) (2) (3) (4)

### खण्ड-II

**निर्देश :** *प्रश्न संख्या 6 से 10 तक के प्रश्नों में बायीं ओर एक समस्या आकृति तथा दायीं ओर चार उत्तर आकृतियाँ (1), (2), (3) तथा (4) दी गई हैं। उस उत्तर आकृति को चुनें जो समस्या आकृति के बिलकुल सदृश हो तथा सही उत्तर चुनकर संलग्न उत्तर-पत्रिका में हर प्रश्न के आगे दिये गये बॉक्स में अंग्रेजी संख्या (जैसे (1), (2), (3) या (4)) में उत्तर लिखें।*


समस्या आकृति — उत्तर आकृतियाँ

6.



(1) (2) (3) (4)


7.



(1) (2) (3) (4)


समस्या आकृति — उत्तर आकृतियाँ

8.




(1) (2) (3) (4)

9.



(1) (2) (3) (4)

10.




(1) (2) (3) (4)

### खण्ड-III

**निर्देश :** *प्रश्न संख्या 11 से 15 तक के प्रश्नों में रेखा के बायीं तरफ एक समस्या आकृति दी गई है। इस आकृति का एक भाग गायब है। दायीं तरफ दी गई (1), (2), (3) तथा (4) उत्तर आकृतियों को देखें। उस आकृति को ढूँढ़ें जो बिना अपना दिशा बदले समस्या आकृति के गायब भाग में इस तरह ठीक बैठती है कि समस्या आकृति का पैटर्न पूरी तरह बन जाता है। सही उत्तर चुनकर संलग्न उत्तर-पत्रिका में हर प्रश्न के आगे दिये गये बॉक्स में अंग्रेजी संख्या में उत्तर लिखें।*


समस्या आकृति — उत्तर आकृतियाँ

11.




(1) (2) (3) (4)

12.




(1) (2) (3) (4)

13.



(1) (2) (3) (4)


14.




(1) (2) (3) (4)

समस्या आकृति

15.



उत्तर आकृतियाँ




(1) (2) (3) (4)


## खण्ड-IV

**निर्देश :** *प्रश्न संख्या 16 से 20 तक के प्रश्नों में रेखा के बायीं तरफ तीन समस्या आकृतियाँ दी गई हैं तथा चौथे के लिए स्थान रिक्त रखा गया है। समस्या आकृतियाँ एक शृंखला में हैं। ढूँढ़ें कि रेखा के दायीं तरफ दी गई उत्तर आकृतियों (1), (2), (3) तथा (4) में से कौन-सी आकृति इस शृंखला को पूरा करती है। सही उत्तर चुनकर संलग्न उत्तर-पत्रिका में हर प्रश्न के आगे दिये गये बॉक्स में अंग्रेजी संख्या में उत्तर लिखें।*

16. समस्या आकृतियाँ




उत्तर आकृतियाँ



(1) (2) (3) (4)

17. समस्या आकृतियाँ




उत्तर आकृतियाँ




(1) (2) (3) (4)

18. समस्या आकृतियाँ




उत्तर आकृतियाँ




(1) (2) (3) (4)

19. समस्या आकृतियाँ



उत्तर आकृतियाँ



(1) (2) (3) (4)

20. समस्या आकृतियाँ

| | | | |
|---|---|---|---|
| IPOZ | POZI | OZIP | ? |


उत्तर आकृतियाँ

| | | | |
|---|---|---|---|
| IZPO | ZIOP | ZPOI | ZIPO |
| (1) | (2) | (3) | (4) |


## खण्ड-V

**निर्देश :** *प्रश्न संख्या 21 से 25 तक के प्रश्नों में तीन समस्या आकृति के बाद चौथे स्थान पर एक प्रश्नसूचक चिह्न (?) बना हुआ है। प दो समस्या आकृतियों में परस्पर एक सम्बन्ध है। इसी प्रकार तीसरी त चौथी समस्या आकृतियों के बीच भी वैसा ही सम्बन्ध होना चाहिए। उ आकृतियों (1), (2), (3) तथा (4) में से वह आकृति चुनें जो प्रश्नसूच चिह्न वाले स्थान पर ठीक बैठ सके। सही उत्तर चुनकर संलग्न उत्तर-पत्रि में हर प्रश्न के आगे दिये गये बॉक्स में अंग्रेजी संख्या से उत्तर लिखें।*

21. समस्या आकृतियाँ




उत्तर आकृतियाँ




(1) (2) (3) (4)

22. समस्या आकृतियाँ




उत्तर आकृतियाँ




(1) (2) (3) (4)

23. समस्या आकृतियाँ




उत्तर आकृतियाँ




(1) (2) (3) (4)

24. समस्या आकृतियाँ




उत्तर आकृतियाँ




(1) (2) (3) (4)

25. समस्या आकृतियाँ



उत्तर आकृतियाँ




(1) (2) (3) (4)

## खण्ड-VI

**निर्देश :** *प्रश्न संख्या 26 से 30 तक के प्रश्नों में किसी ज्यामितिक आकृति का एक भाग रेखा के बायीं तरफ समस्या आकृति के रूप में दिया गया है और रेखा के दायीं तरफ दी गई चार उत्तर आकृतियों (1), (2), (3) तथा (4) में से कोई एक उसका दूसरा भाग है। दायीं तरफ दी गई उत्तर आकृतियों में से वह आकृति ढूंढ़ें जो उस ज्यामितिक आकृति को पूर्ण बनाती है। सही उत्तर चुनकर संलग्न उत्तर-पत्रिका में हर प्रश्न के आगे दिये गये बॉक्स में अंग्रेजी संख्या में उत्तर लिखें।*


समस्या आकृति उत्तर आकृतियाँ

26.




(1) (2) (3) (4)

27.




(1) (2) (3) (4)

28.



(1) (2) (3) (4)


29.



(1) (2) (3) (4)

समस्या आकृति उत्तर आकृतियाँ

30.




(1) (2) (3) (4)

## खण्ड-VII

**निर्देश :** *प्रश्न संख्या 31 से 35 तक के प्रत्येक प्रश्न में बायीं ओर एक समस्या आकृति तथा दायीं ओर चार उत्तर आकृतियाँ (1), (2), (3) तथा (4) दी गई हैं। उस उत्तर आकृति को चुनें जो समस्या आकृति की दर्पण आकृति के बिलकुल सदृश हो जब दर्पण को XY पर रखा गया हो। अपना उत्तर चुनकर संलग्न उत्तर-पत्रिका में हर प्रश्न के आगे दिये गये बॉक्स में केवल अंग्रेजी संख्या (जैसे (1), (2), (3) या (4)) में उत्तर को लिखें।*


समस्या आकृति उत्तर आकृतियाँ

31.




(1) (2) (3) (4)

32.




(1) (2) (3) (4)

33.




(1) (2) (3) (4)

34.




(1) (2) (3) (4)

35.





(1) (2) (3) (4)

## खण्ड-VIII

**निर्देश :** *प्रश्न संख्या 36 से 40 तक के प्रश्नों में कागज के एक टुकड़े को मोड़ा जाता है और पंच भी किया जाता है जैसा कि बायीं ओर समस्या आकृतियों में दिखाया गया है, तथा दायीं ओर चार उत्तर आकृतियाँ (1), (2), (3) और (4) दी गई हैं। कागज को खोलने के बाद बने आकृति को दिये गये उत्तर आकृतियों में से चुनें तथा अपना उत्तर संलग्न उत्तर-पत्रिका में हर प्रश्न के आगे दिये गये बॉक्स में केवल अंग्रेजी संख्या (जैसे (1), (2), (3) या (4)) में लिखें।*

36. समस्या आकृतियाँ



## अनुभाग–II : गणित

*निर्देश : प्रत्येक प्रश्न के लिए चार सम्भावित उत्तर हैं, जिन्हें (1), (2), (3) और (4) क्रम दिया गया है। इनमें से केवल एक उत्तर ही सही है। आपको सही उत्तर चुनकर उसकी क्रम संख्या उत्तर-पत्रिका में सम्बन्धित प्रश्न संख्या के सामने दिये गये बॉक्स में लिखनी है।*

51. अंकों 5, 1, 6 में से किन्हीं दो अंकों को दो-दो बार प्रयोग में लाकर बनने वाली 5-अंकीय छोटी-से-छोटी संख्या कौन-सी है?
(1) 11565 (2) 51156 (3) 11556 (4) 11655

52. संख्याओं 14 और 28 का महत्तम समापवर्तक (HCF) 14 है। इनका लघुतम समापवर्त्य (LCM) क्या होगा?
(1) 28 (2) 196 (3) 298 (4) 98

53. 4-अंकीय छोटी-से-छोटी संख्या, जो 2, 3, 8, 10 से पूर्णतया विभाजित हो, है :
(1) 1020 (2) 1060 (3) 1080 (4) 1120

54. दो संख्याओं का गुणनफल 18.75 है। यदि एक संख्या दूसरी संख्या की तिगुनी है, तो बड़ी संख्या है :
(1) 2.5 (2) 3.5 (3) 4.5 (4) 7.5

55. $3 \times 0 \cdot 3 \times 0 \cdot 03 \times 0 \times 30$ बराबर है
(1) 81 (2) 8.1 (3) 0.81 (4) 0

56. यदि $23200 \div 145 = 160$ है, तो $23.2 \div 1.45$ बराबर है :
(1) 160 (2) 16 (3) 1.60 (4) 0.16

57. 84% बराबर है :
(1) $\frac{42}{100}$ (2) $\frac{42}{50}$ (c) $\frac{84}{225}$ (4) 8.4

58. एक व्यक्ति ने एक टी०वी० ₹ 18,200 में खरीदा। उसने इस टी०वी० की मरम्मत पर ₹ 1,800 खर्च किए। वह इसको कितने में बेचे कि उसको ₹ 3,000 का लाभ हो?
(1) ₹ 20,430 (2) ₹ 21,200 (3) ₹ 23,000 (4) ₹ 25,200

59. ₹ 3,500 की राशि 6% वार्षिक ब्याज की दर से कितने वर्षों में साधारण ब्याज पर ₹ 4,130 हो जाएगी?
(1) 4 वर्ष (2) 3 वर्ष (3) 6 वर्ष (4) 5 वर्ष

60. 76076 को 13 से भाग देने पर भागफल है :
(1) 5652 (2) 5852 (3) 5762 (4) 5662

61. 9 तथा 7 दोनों का एक उभयनिष्ठ गुणज संख्या $A$ है। यह संख्या 1200 तथा 1300 के बीच में है। संख्या $A$ क्या है?
(1) 1197 (2) 1260 (3) 1206 (4) 1266

62. श्रेढ़ी 9, 13, 17, 21, 25, ... में अगली संख्या क्या है?
(1) 26 (2) 27 (3) 29 (4) 33

63. निम्न में से किन संख्याओं के बीच में केवल एक ही अभाज्य संख्या है?
(1) 40 तथा 50 (2) 60 तथा 70
(3) 80 तथा 90 (4) 90 तथा 100

64. $7.7 + 7.77 + 7.777 + 7.7777$ का योग है
(1) 28.2828 (2) 28.2847 (3) 30.0247 (4) 31.0247

65. एक आयताकार भूखण्ड, जिसकी बिमाएँ 100 मी. × 80 मी. है, के चारों ओर तीन बार बाड़ लगाने में कितना तार लगेगा?
(1) 180 मी. (2) 1080 मी. (3) 360 मी. (4) 720 मी.

66. एक व्यक्ति एक दिन में $47\frac{1}{2}$ किमी. चला। वह $29\frac{1}{3}$ किमी. स्कूटर से, $8\frac{5}{6}$ किमी. साइकिल से तथा शेष पैदल चला। वह पैदल कितना चला?
(1) $8\frac{1}{3}$ किमी (2) $10\frac{1}{3}$ किमी (3) $9\frac{1}{3}$ किमी (4) $12\frac{2}{3}$ किमी


67. 12 पुरुष अथवा 15 औरतें एक कार्य को 21 दिनों में पूरा कर पाते हैं। उसी कार्य को 6 पुरुष तथा 10 औरतें कितने दिनों में पूरा करेंगे?
(1) 15 (2) 18 (3) 21 (4) 24

68. एक मछली के टैंक की लम्बाई 40 सेमी, चौड़ाई 60 सेमी. तथा ऊँचाई 50 सेमी. है। इसमें 50 लीटर पानी भरा है। इस टैंक को पानी से पूरा भरने के लिए कितना लीटर पानी और डालना पड़ेगा?
(1) 50 लीटर (2) 60 लीटर (3) 70 लीटर (4) 120 लीटर

69. एक स्टोर 5 सेबों के पैकेट को ₹ 25 में तथा एक सेब ₹ 6 में बेचता है। यदि एक और 27 सेब खरीदती है, तो उसे कितनी राशि देनी होगी?
(1) ₹ 128 (2) ₹ 130 (3) ₹ 137 (4) ₹ 150

70. काकू ने बक्शी से 7 अंक कम पाए जबकि रमन ने काकू से 3 अंक अधिक पाए। यदि उनके कुल प्राप्तांक 76 है, तो रमन ने कितने अंक पाए?
(1) 22 (2) 25 (3) 29 (4) 31


71. नीचे दिया गया अधूरा दण्ड आलेख 5 दिनों में एक वर्गर बेचने वाले की बिक्री (बर्गरों की संख्या) को दर्शाता है :




बर्गरों की कुल विक्री 320 है। रविवार को कितने बर्गर बिके?
(1) 85 (2) 80 (3) 75 (4) 90

72. 14 मी. 25 सेमी कपड़े के एक टुकड़े में से 75 सेमी के 4 टुकड़े काटे गए। शेष बचे कपड़े की लम्बाई कितनी होगी?
(1) 13 मी. 50 सेमी (2) 11 मी. 25 सेमी
(3) 10 मी. 50 सेमी (4) 10 मी. 25 सेमी

73. निम्न चित्रालेख एक नर्सरी द्वारा सोमवार से शुक्रवार तक बेचे गए पौधों की संख्या को दर्शाता है :




सोमवार से शुक्रवार तक बेचे गए कुल पौधों की संख्या है :
(1) 19 (2) 190 (3) 250 (4) 380

74. 5-अंकीय बड़ी-से-बड़ी तथा छोटी-से-छोटी संख्याओं, जिनमें सभी अंक भिन्न हों, का अंतर है
(1) 41976 (2) 88531 (3) 98531 (4) 108999

75. विभिन्न अंकों का प्रयोग कर 4-अंकीय सबसे छोटी संख्या, जिसमें 9 दहाई के स्थान पर हो, है :
(1) 1290 (2) 1092 (3) 2091 (4) 2190

## अनुभाग–III : भाषा (हिन्दी)

*निर्देश : इस खण्ड में पाँच अनुच्छेद हैं। प्रत्येक अनुच्छेद पर पाँच प्रश्न हैं। प्रत्येक अनुच्छेद को सावधानी से पढ़िए और उसके नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न के चार संभावित उत्तर दिये गये है, जिनकी क्रम संख्या (1), (2), (3) और (4) है। इनमें से कोई एक उत्तर ही सही है। आपको सही उत्तर चुनकर उसकी क्रम संख्या उत्तर-पत्रिका में सम्बन्धित प्रश्न संख्या के सामने दिये गये बॉक्स में लिखनी है।*

### अनुच्छेद-1

जब फ़ास्ट फूड खाने की बात हो तो बच्चे ललचाते हैं। इसे बनाने में कम समय लगता है और बाज़ारों में भी यह सरलता से मिल जाता है। बच्चे फल, सूप या अंकुरित वस्तुएँ खाने के बदले फास्ट फूड खाना पसंद करते हैं। नूडल, बर्गर और पिज़्ज़ा की बड़ी माँग है। यद्यपि ये बनाने में बड़े आसान हैं, फिर भी ये हमारे लिए हानिकारक हैं। इनमें हमारे शरीर के लिए अच्छी पोषण उपयोगिता नहीं होती।

बहुत से शोधकर्ताओं ने सिद्ध किया है कि इन खाद्य पदार्थों का उपयोग स्वास्थ्य के लिए अच्छा नहीं है। इन्हें तेल में तलकर पकाया जाता है जो स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डाल सकता है। इससे हम मोटे हो सकते हैं। मोटापे से मधुमेह और उच्च रक्तचाप हो सकते हैं। जो बच्चे अधिक फ़ास्ट फूड खाते हैं उन्हें जीवनशैली से जुड़ी बीमारियाँ हो सकती हैं, जैसे मधुमेह और उच्च रक्तचाप। उनका विकास उन बच्चों की अपेक्षा अधिक प्रभावित होगा जो पौष्टिक भोजन करते हैं। लोग पश्चिमी सभ्यता का अनुकरण कर रहे हैं और घर पर बने खाने के स्थान पर फ़ास्ट फूड को वरीयता दे रहे हैं। यह पश्चिमी सभ्यता को अपनाने के गंभीर दुष्प्रभावों में से एक है।

76. फ़ास्ट फूड किसी के स्वास्थ्य को कैसे प्रभावित कर सकता है?
    (1) जीवनशैली में बदलाव लाकर
    (2) मोटापा का कारण बनकर
    (3) हमें अच्छा स्वास्थ्य देकर
    (4) पश्चिमी सभ्यता को प्रोत्साहन देकर

77. हमें फ़ास्ट फूड संस्कृति को क्यों बढ़ावा नहीं देना चाहिए?
    (1) फ़ास्ट फूड स्वादिष्ट होता है
    (2) यह आसानी से उपलब्ध है
    (3) यह हमारी जीवनशैली बदल देता है
    (4) यह हमारे स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डालता है

78. अनुच्छेद में किस शब्द का अर्थ 'नकल करना' है?
    (1) अनुकरण करना (2) तुलना करना
    (3) कार्य करना (4) अपनाना

79. फ़ास्ट फूड से हो सकता/सकती है
    (1) अनिद्रा (2) जीवनशैली से जुड़ी बीमारियाँ
    (3) जेब पर भार (4) सामाजिक स्तर में हानि

80. घर पर बना खाना ......... होता है।
    (1) पोषक नहीं (2) फ़ास्ट फूड से अच्छा नहीं
    (3) फ़ास्ट फूड की अपेक्षा अधिक पौष्टिक
    (4) न तो पौष्टिक, न ही स्वादिष्ट

### अनुच्छेद-2

एक समय एक गधा जंगल में रहता था। उसे एक दिन एक शेर की खाल मिली। उसने उसे पहन लिया और गर्व से जंगल में भागने लगा। जब पशुओं ने उसे देखा तो डर से भागने लगे। उन सबने सोचा कि गधा सचमुच ही एक शेर है। एक दिन इस गधे को एक लोमड़ी मिली। लोमड़ी भी डरी और भाग गई। गधा अन्य पशुओं की प्रतिक्रियाएँ देखकर इतना खुश हुआ कि वह चुप न रह सका। वह अपने नये वेश को भूल गया और रेंकने लगा। ज्योंहि लोमड़ी ने उसका रेंकना सुना, वह उलटा लौट आई। सभी पशु अब समझ गए कि वह शेर नहीं, बल्कि शेर की खाल में गधा है। गधा अपनी जान बचाने भागा।

81. गधा कहाँ रहता था?
    (1) अस्तबल में (2) जंगल में
    (3) फार्महाउस में (4) गाँव में

82. गधे को गर्व क्यों हो रहा था?
    (1) अन्य पशु उसे शेर समझ रहे थे
    (2) उसके बहुत मित्र बने गए थे
    (3) दूसरे पशु उसे सम्मान दे रहे थे
    (4) वह सुंदर दिखाई पड़ रहा था

83. अनुच्छेद में किस पशु का उल्लेख नहीं है?
    (1) लोमड़ी (2) शेर (3) जेब्रा (4) गधा

84. 'रेंकना' किस पशु की आवाज को कहा जाता है?
    (1) हाथी (2) लोमड़ी (3) कुत्ता (4) गधा

85. गधा क्यों भाग गया?
    (1) दूसरे पशु की खाल पाने के लिए
    (2) अपनी जान बचाने के लिए
    (3) अपने मित्रों को बुलाने के लिए
    (4) शेर को ढूँढ़ने के लिए

### अनुच्छेद-3

एक हाथी दिन के सोलह से अठारह घंटे खाना खाते हुए बिताता एक पूर्ण विकसित हाथी प्रत्येक दिन 137 किग्रा. से अधिक खाना खा स है। हाथी शाकाहारी पशु है। वे पत्तियाँ, कोमल डंठल, जंगली झाड़ियों पेड़ों के फलों को खा जाते हैं। भारतीय हाथी बाँस के पौधे खाना प करते हैं। हाथी भोजन और पानी के लिए खोदने तथा पेड़ों की खाल ची अलग करने के लिए अपने दाँतों का उपयोग करते हैं। वे अपनी सूँड़ उपयोग भोजन को अपने मुँह में रखने के लिए करते हैं। हाथी किसी को इतना झुका सकता है कि उसका बच्चा उसकी पत्तियाँ खा सके। ए वयस्क हाथी एक दिन में 18 से 26 गैलन पानी पी सकता है। हाथी प्रा किसानों की फसलें बरबाद कर देते हैं। उन्हें गन्ने खाना पसंद है इसलि किसानों को खेतों की रक्षा करनी पड़ती है। जब किसान हाथियों को दे हैं तो जोर-जोर से बहुत शोर करते हैं। कभी तो वे भाग जाते हैं पर प्रा वे कोई चिंता नहीं करते। वे खेतों में आ जाते हैं और गन्ने उखाड़ते हमें अपने वनों की रक्षा करनी होगी ताकि हाथियों को उनका भोजन मिल जाए। तब वे खेतों में नहीं घुसेंगे और फसलों को नष्ट नहीं क मनुष्यों को और पशुओं को खुशी से साथ-साथ रहना चाहिए।

86. हाथी एक दिन में कितने घंटे खाने में बिताता है?
    (1) 10 से 12 घंटे (2) 14 से 16 घंटे
    (3) 12 से 16 घंटे (4) 16 से 18

87. हाथियों को शाकाहारी क्यों कहा जाता है?
    (1) वे केवल सब्जियाँ और फल खाते हैं
    (2) वे केवल पत्तियाँ और घास खाते हैं
    (3) वे पत्तियाँ, फल और पौधे खाते हैं
    (4) वे केवल पेड़ों और फलों को खाते हैं

88. भारतीय हाथी क्या करना पसंद करते हैं?
(1) गन्ने खाना
(2) फसल उजाड़ना
(3) शोर करना
(4) दूसरे पशुओं को खाना

89. अपनी फसलों से हाथियों को भगाने के लिए किसान क्या करते हैं?
(1) उनके पीछे भागते हैं
(2) उन पर बंदूक चला देते हैं
(3) शोर मचाते हैं
(4) खेतों के चारों ओर दीवार बना देते हैं

90. निम्नलिखित में से 'नष्ट करना' का विलोम शब्द कौन-सा है?
(1) शोर करना
(2) भगाना
(3) विरोध करना
(4) रक्षा करना

### अनुच्छेद-4

तुलसी का पौधा अधिकांश भारतीय घरों में उगाया जाता है। इस बूटी से मधुर गंध आती है। इस पौधे की पत्तियों का उपयोग पूजा के लिए होता है और उनमें औषधीय तथा रोगहारी गुण होते हैं। विश्व में तुलसी के कम-से-कम 150 प्रकार हैं।

प्राचीन काल में मंदिरों का उपयोग पथिकों के विश्रामगृह के रूप में होता था। तुलसी का पौधा मंदिर के बाहर उगाया जाता था क्योंकि इसमें प्यास रोकने का विशेष गुण होता है। जब कुछ पत्तियाँ जीभ के नीचे रखी जाएँ, तो थके हुए पथिक जो पानी ढूँढ़ रहे होते हैं उनकी प्यास कम हो जाती है। तुलसी, जिसका मूल निवास भारत है, 16वीं शताब्दी में ही पश्चिमी यूरोप पहुँची। यह माना जाता है कि यदि तुलसी के पत्तों का रस शहद के साथ नित्य लिया जाए तो स्वास्थ्य के लिए अच्छा होता है। चाय के लिए पानी उबालते समय यदि कुछ तुलसी की पत्तियाँ मिला दी जाएँ, तो इसमें विशेष गंध और स्वाद आ जाता है और यह स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक है। यह आराम भी पहुँचाती है और तनाव दूर करती है।

91. तुलसी के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा सत्य नहीं है?
(1) यह सुगंध देती है
(2) यह तनाव दूर करती है
(3) यह स्वास्थ्य के लिए अच्छी है
(4) इसका मूल स्थान पश्चिम यूरोप में है

92. विश्व में तुलसी की कितनी किस्में हैं?
(1) 100 (2) 170 (3) 150 (4) 160

93. तुलसी के पौधे को मंदिरों के बाहर क्यों उगाया जाता था?
(1) पथियों की प्यास नियंत्रित करने के लिए
(2) पथिकों को थकान का अनुभव कराने के लिए
(3) मंदिर के चारों ओर खुशबू फैलाने के लिए
(4) ईश्वर की पूजा करने के लिए

94. तुलसी का मूल निवास किस देश में है?
(1) इंग्लैंड (2) भारत (3) चीन (4) इटली

95. शहद और तुलसी का मिश्रण
(1) स्वास्थ्य के लिए अहितकर है (2) स्वास्थ्य के लिए हितकर है
(3) हमारे लिए थोड़ा-सा हानिकारक है
(4) स्वास्थ्य के लिए थोड़ा-सा लाभकारक है

### अनुच्छेद-5

सभी मकड़ियाँ जाले बुनती हैं, जिनसे उन्हें तीन कामों में सहायता मिलती है। जालों से मकड़ियों को अंडे सँभालने में, छिपने में और भोजन पकड़ने में मदद मिलती है। बहुत सी मकड़ियाँ अपने जालों में अंडे देना पसंद करती हैं, जिसमें उनके अंडे एक-साथ और सुरक्षित रहते हैं।

जाले चिपचिपे होते हैं और इस प्रकार वे भोजन पकड़ने में मकड़ियों की सहायता करते हैं। जब कोई चीज जाले में उड़कर आता है तो फँस जाता है, इधर-उधर हिलता है, बाहर निकलने का प्रयत्न करता है पर ऐसा कर नहीं सकता क्योंकि वह फँस गया होता है। मकड़ी जान लेती है कि कीट फँस गया है क्योंकि उन्हें जाले के हिलने का अनुभव होता है और मकड़ी कीट तक पहुँच जाती है।

जालों के बिना मकड़ी वैसे नहीं रह पाती जैसे वह रहती है। मकड़ियों को जीवित रहने के लिए जाले चाहिए। किन्तु यदि आपको अपने घर में जाले न मिलें तो इसका यह अर्थ नहीं कि आपका घर मकड़ियों से मुक्त है।

96. यह अनुच्छेद मुख्य रूप से किसके बारे में है?
(1) मकड़ी के रंग
(2) मकड़ी के जाले
(3) मकड़ी के अंडे
(4) मकड़ी के खाद्य पदार्थ

97. मकड़ी के जाले सहायक नहीं होते:
(1) अंडों को थामने में
(2) भोजन को पकड़ने में
(3) अंडों को बचाने में
(4) कीटों को डराने में

98. मकड़ियाँ कैसे जान लेती हैं कि उनके जाले में शिकार फँस गया?
(1) वे उसे सुनती हैं
(2) वे उसे सूँघती हैं
(3) वे उनका अनुभव करती हैं
(4) वे उसे देखती हैं

99. घर में मकड़ी का जाला न मिलने का यह अर्थ नहीं है कि
(1) मकड़ी को अब भूख नहीं है
(2) मकड़ी बाहर निकलने में डर रही है
(3) मकड़ी सो गई है
(4) मकड़ी है ही नहीं

100. यहाँ 'जीवित रहना' का अर्थ है
(1) स्वीकारना (2) देखना (3) सोचना (4) जीना